Total No. of Printed Pages—7

**B19–HN (E)**

**Subject Code : 24**

**2019**

**HINDI (E)**

**GROUP—A + B**

$\frac{\textit{Full Marks}: 100}{\textit{Pass Marks}: 30}$; *Time* : 3 hours

*[ For Candidates offering as an Elective Subject ]*

**GROUP—A**

$\frac{\textit{Full Marks}: 50}{\textit{Pass Marks}: 15}$; *Time* : 2 hours

*[ For Candidates offering in lieu of MIL ]*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

Downloaded from JobAssam.in

## GROUP—A (खण्ड—क)

*( पूर्णांक : 50 )*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×7=7

(क) धर्मराज का क्या काम है?

(ख) 'सड़क की बात' के लेखक का नाम क्या है?

(ग) कबीरदास ने किस भाषा में कविता लिखी थी?

(घ) कबीरदास ने किसको पण्डित कहा था?

(ङ) 'दिनकर' जी की कौन-सी कविता अपने पाठ्यक्रम में दी गई है?

(च) ''जब तुम
मुझे पैरों से रौंदते हो''—यह काव्यांश किस पाठ से उद्धृत है?

(छ) कवि के अनुसार सबसे बड़ा देवत्व क्या है?

**2.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या करो : 5

जा घट प्रेम न संचरै, सो घट जान मसान।
जैसे खाल लोहार की, साँस लेत बिनु प्रान॥

*अथवा*

जाति न पूछो साधु की, पूछि लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान॥

निम्नलिखित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **3** से **8**) के उत्तर संक्षेप में लिखो : 3×6=18

**3.** छोटे जादूगर के (आज) खेल न जमने का क्या कारण है?

**4.** छोटे जादूगर ने अपने परिचय के रूप में क्या कहा था?

**5.** यमदूत के लिए भोलाराम संबंधी परेशानी क्या थी?

**6.** ''इसलिए सड़क के न हँसी है, न रोना।'' इसके पीछे क्या-क्या कारण हो सकते हैं?

**7.** मीराँबाई ने 'ताहि के रंग में भीजै' के जरिए क्या उपदेश दिया है?

**8.** कलम विचारों के अंगारे कैसे पैदा करती है?

**9.** 'नींव की ईंट' शीर्षक लेख का संदेश क्या है? स्पष्ट करो। 4

*अथवा*

'नींव की ईंट' और 'कंगूरे की ईंट' के प्रतीकार्थों को स्पष्ट करो।

**10.** (क) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : 1×2=2

पीठ थपथपाना, नमक खाना, मुँह की ओर देखना, नौ-दो ग्यारह होना

(ख) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के स्त्रीलिंग रूप लिखो : ½×4=2

बन्दर, महाराज, नायक, सभापति, माली, बनिया, बूढ़ा

(ग) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** की संधि करो : 1×2=2

गिरि+इंद्र, सदा+एव, अति+उत्तम, उत्+लास

(घ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के विपरीतार्थक शब्द लिखो : ½×4=2

आगामी, कटु, उत्तीर्ण, आलोक, स्थावर, भक्षक, निर्गुण

(ङ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : ½×4=2

रात्रि, पण्डित, तालाब, वृक्ष, सरस्वती, समूह, विष्णु

(छ) निम्नलिखित उपसर्गों/प्रत्ययों को जोड़कर एक-एक शब्द बनाओ : ½×4=2

उप, अति, परा, त्व

(छ) निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** अनेक शब्दों के स्थान में एक-एक शब्द लिखो : ½×4=2

जिसकी उपमा न हो, जिसके शेखर पर चन्द्र हो, स्वेद से उत्पन्न होने वाला, शिव का उपासक, जो संगीत जानता हो, बिना वेतन के, वह जो भू धारण करता है

(ज) निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** वाक्यों को शुद्ध करो : 1×2=2

*(i)* तुम वापस लौटो।

*(ii)* तीन लड़कियों के साथ एक लड़का जा रही है।

*(iii)* मेरे पास दो ग्रंथ है।

*(iv)* आपको जाना है तो जाओ।

## GROUP—B (खण्ड—ख)

*( पूर्णांक : 50 )*

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×6=6

(क) चिड़ीमार ने बड़े मियाँ से मोर के जोड़े के कितने नकद रुपए लिए थे?

(ख) मयूर किसका युद्ध-वाहन है?

(ग) पत्र को कन्नड़ भाषा में क्या कहा जाता है?

(घ) 'जो बीत गई' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

(ङ) 'युद्धं देहि' कहें जब पामर,
दे न दुहाई पीठ फेर कर! —यहाँ प्रयुक्त 'पीठ फेरना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(च) महात्मा गाँधी के नाम पर आने वाले तमाम पत्रों में क्या पता लिखा रहता था?

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 3×4=12

(क) नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ लेखिका को बहुत भाती थीं?

(ख) ''दूर देहात में लाखों गरीब घरों में चूल्हे मनीआर्डर अर्थव्यवस्था से ही चलते हैं।'' आशय स्पष्ट करो।

(ग) कवि की दृष्टि में जीवन के सत्य का सही माप क्या है?

(घ) 'जो बीत गई' शीर्षक कविता में मानव-जीवन की तुलना किन-किन चीजों से की गई है?

Downloaded from JobAssam.in

**13.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 4×2=8

(क) नीलकंठ के मरने के बाद उसका प्रभाव दूसरे पक्षियों पर किस रूप में पड़ा था?

*अथवा*

नीलकंठ की प्रवृत्तियों को रेखांकित करो।

(ख) 'जो बीत गई' कविता के सन्देश को स्पष्ट करो।

*अथवा*

''अर्पण कर सर्वस्व मनुज को''—मनुष्य को सर्वस्व अर्पण करने का आह्वान कवि ने क्यों किया है? स्पष्ट करो।

**14.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) मोबाइल फोन

(ख) प्रदूषण की रोकथाम

(ग) स्वतंत्रता दिवस

(घ) अनुशासन और विद्यार्थी

15. सन् 2018 के एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीतकर श्रीमती हिमा दास ने देश का सम्मान बढ़ाया है। उसके लिए बधाई देते हुए उन्हें एक (बधाई) पत्र लिखो। 5

*अथवा*

किसी विशेष कारण से विद्यालय की कक्षाओं में अनुपस्थित रहने के कारण छुट्टी की मंजूरी हेतु विद्यालय के प्राचार्य/प्रधान शिक्षक के नाम पर एक प्रार्थना-पत्र लिखो।

Downloaded from JobAssam.in

16. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, समाज में रहना पसंद करता है। समाज के सुखी रहने पर ही वह सुखी रह सकता है। अतः उसे समाज को सुखी रखने की भरसक चेष्टा करनी चाहिए। कुछ लोग कहते हैं कि उनके पास समय नहीं है कि वे समाज की सेवा करें। यह थोथी दलील है। अगर हममें समाज-सेवा की आंतरिक इच्छा है, तो हम जीवन की हरेक स्थिति में समाज-सेवा कर सकते हैं। पड़ोसियों के सुख-दुःख में साथ देना हमारा कर्तव्य है।

*प्रश्नावली :*

(क) आदमी कैसे सुखी रह सकता है? 1

(ख) लोगों की थोथी दलील किसे कहा गया है? 2

(ग) मनुष्य का कर्तव्य क्या है? 1

(घ) प्रस्तुत गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दो। 1

(ङ) समाज-सेवा के लिए किसकी आवश्यकता है? 1

17. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में करो : 1×5=5

*(a)* I shall have to go Shillong today.

*(b)* Shillong is the capital of Meghalaya.

(c) Do you know how to swim?

(d) It is a good exercise for all.

(e) Out of twenty-five students only eleven were present yesterday.

★★★

Downloaded from JobAssam.in